समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Sunday, 20 September 2026

# मुंबईकरों का सफर होगा अब ‘गारेगार’, जल्द मिलेगी 238 नई AC लोकल ट्रेने; CM फडणवीस ने दी बड़ी खुशखबरी

Sanket Morankar Published on 13 Aug 2026



मुंबईकरों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। मुख्यमंत्री **देवेंद्र फडणवीस** ने बताया है कि आने वाले वर्षों में मुंबई की लोकल ट्रेन सेवा को पूरी तरह आधुनिक बनाने की दिशा में तेजी से काम किया जा रहा है। योजना के तहत मुंबई को कुल **238 नई AC लोकल ट्रेने** मिलने वाली हैं।

मुख्यमंत्री के अनुसार, वर्ष **2029 तक मुंबई की लोकल ट्रेने मेट्रो जैसी आधुनिक और AC** हो जाएंगी। खास बात यह है कि AC लोकल सेवा शुरू होने के बावजूद **सेकंड क्लास के किराए मे बढ़ोतरी नहीं की जाएगी**, जिससे रोजाना लोकल से सफर करने वाले लाखों यात्रियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है।

2029 तक आधुनिक होंगी मुंबई की लोकल ट्रेनें

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मीडिया से बातचीत के दौरान मुंबई लोकल को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मुंबई की लोकल ट्रेनों को आधुनिक बनाने का निर्णय पहले ही लिया गया था और इन्हें मेट्रो जैसी सुविधाओं से लैस करने की दिशा में काम चल रहा है।

हालांकि, जिस गति से पहले ट्रेनों का निर्माण हो रहा था, उससे सभी नई ट्रेनें मिलने में वर्ष 2030 से भी अधिक समय लग सकता था। इसी वजह से केंद्र सरकार और रेलवे के स्तर पर इस मामले को लेकर चर्चा की गई।

238 नई AC लोकल ट्रेनों का निर्माण

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय रेल मंत्री **अश्विनी वैष्णव** के साथ इस संबंध में बैठक हुई थी। इसके बाद ट्रेन निर्माण की प्रक्रिया को तेज करने का निर्णय लिया गया है।

केंद्र सरकार की तीन कोच निर्माण फैक्ट्रियों में इन ट्रेनों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, **वंदे भारत ट्रेनों का निर्माण करने वाली फैक्ट्री मे भी मुंबई लोकल के लिए आधुनिक ट्रेने तैयार की जा रही है।**

इससे मुंबई को आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में नई और आधुनिक लोकल ट्रेनें मिलने का रास्ता साफ हुआ है।

2027 में आ सकती है पहली सीरीज

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि **2027 मे नंई लोकल ट्रेनों की पहली सीरीज** मुंबई में आने की उम्मीद है। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से नई ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

लक्ष्य यह है कि **2029 तक मुंबई की लोकल सेवा को आधुनिक, सुंदर और AC ट्रेनों से अपग्रेड किया जाए।**

इस बदलाव से मुंबई की लोकल यात्रा में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं, आरामदायक सफर और आधुनिक तकनीक का अनुभव मिलने की उम्मीद है।

AC लोकल होगी, लेकिन सेकंड क्लास का किराया नहीं बढ़ेगा

इस पूरे ऐलान की सबसे बड़ी खासियत किराए को लेकर है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने स्पष्ट किया कि लोकल ट्रेनें AC होने के बावजूद **सेकंड क्लास के किराए मे बंढ़ोतरी नहीं की जाएगी।**

मुंबई में लाखों लोग रोजाना काम, शिक्षा और अन्य जरूरी कार्यों के लिए लोकल ट्रेन से यात्रा करते हैं। ऐसे में किराया नहीं बढ़ाने का फैसला आम यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण राहत माना जा रहा है।

फडणवीस ने मुंबई को आधुनिक लोकल ट्रेनें उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का भी आभार व्यक्त किया।

विरोधियों पर भी बरसे देवेंद्र फडणवीस

मुंबई लोकल के अलावा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संसद में हुए हंगामे को लेकर विपक्ष पर भी निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि **संसद चर्चा का मंच है और विपक्ष को वहीं अपनी बात रखनी चाहिए।** फडणवीस ने आरोप लगाया कि विपक्ष संसद में चर्चा करने से बच रहा है।

उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष को किसी मुद्दे पर सवाल उठाने हैं तो उसे संसद में चर्चा करनी चाहिए, न कि सदन की कार्यवाही बाधित करनी चाहिए।

फडणवीस ने विपक्ष पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पहले अमित शाह के संसद में आने को लेकर सवाल उठाए गए, लेकिन जब गृह मंत्री ने पत्र देकर चर्चा के लिए अपनी तैयारी स्पष्ट की, तब भी विपक्ष ने सदन में चर्चा नहीं की।

मुंबईकरों के लिए क्या बदलेगा?

नई AC लोकल ट्रेनों के आने के बाद मुंबई की उपनगरीय रेल सेवा में कई बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। आधुनिक डिजाइन, बेहतर यात्री सुविधाओं और AC कोच के कारण यात्रियों को पहले की तुलना में अधिक आरामदायक सफर मिलने की उम्मीद है।

अगर तय समयसीमा के अनुसार काम आगे बढ़ता है, तो **2027 से नई ट्रेनों की पहली सीरीज और 2029 तक बड़े पैमाने पर आधुनिक AC लोकल ट्रेने** मुंबई की लाइफलाइन का हिस्सा बन सकती हैं।

**मुंबईकरों के लिए मुख्यमंत्री देवेंद्रं फडणवीस ने बड़ी खुशखबरी दी है। मुंबई को कुल 238 नई AC लोकल ट्रेने मिलने वाली है और 2027 मे इंनकी पहली सीरीज आने की उम्मीद है। लक्ष्य 2029 तक मुंबई की लोकल सेवा को मेट्रो जैसी आधुनिक और AC ट्रेनों मे बंदलना है। सबसे बड़ी राहत यह है कि AC ट्रेने आंने के बावजूद सेकंड क्लास का किराया बढ़ाने की योजना नहीं है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।**

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.